महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

क़ादर नवाज़ ख़ान
कार्यकारी कुलसचिव
**Kadar Nawaz Khan**
Acting Registrar

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902
फैक्स/Fax: + 91-7152-247602

क्रमांक: 006/Gen./2007/Vol.II/239
दिनांक: 20/02/2021

**छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर**
**घोषित अवकाश संदर्भित सूचना के संबंध में**

19 फरवरी 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में पहली बार उनके सम्मान में अवकाश घोषित किया गया जो इससे पूर्व वैकल्पिक अवकाश के रूप में दिया जाता था।

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक कार्यालयों मे रखी जाने वाली वैकल्पिक छुट्टियों की सूची हेतु जारी कार्यालय ज्ञापन में 'शिवाजी जयंती' उल्लिखित है। तदनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना में भी 'शिवाजी जयंती' लिखा गया। इसका आशय किसी भी तरह से छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अनादर प्रकट करना नहीं था। विश्वविद्यालय छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति पूर्ण आदर और सम्मान का भाव रखता है तथा इसी के आलोक में पिछली जयंती के अवसर पर भी धूमधाम से इस पर्व को मनाया गया तथा विश्वविद्यालय के एक द्वार का नाम भी उनके नाम पर समर्पित किया गया था।

सरकार के आदेश में लिखित संज्ञा को विश्वविद्यालय अपने स्तर से परिवर्तित नहीं कर सकता है। इस तकनीकी कारण से यदि किसी की भावना आहत हुई है तो इसका खेद है।

विश्वविद्यालय छत्रपति शिवाजी महाराज सहित भारत के सभी महापुरुषों एवं लोक नायकों के प्रति पूर्ण आदर रखता है और उसे प्रकट भी करता रहता है।

क़ादर नवाज़
(क़ादर नवाज़ ख़ान)
20/02/21

**प्रतिलिपि** (ई मेल द्वारा):
1) कुलपति कार्यालय
2) प्रतिकुलपति (द्वय) कार्यालय
3) कुलसचिव कार्यालय
4) वित्ताधिकारी कार्यालय
5) समस्त विद्यापीठ / विभाग / केंद्र
6) प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता
7) अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज
8) लीला, वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
9) रक्षित पत्रावली।